

# अवध विहान

## डिजिटल पत्रिका

अंक–: एकत्रिंशत् पुष्प, जुलाई 2024

**भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.**

**अवध प्रान्त**

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर—खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



एक वृक्ष माँ के नाम, अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष, सामूहिक वृक्षारोपण, गंगा वृक्षारोपण सप्ताह आदि नामों से वृक्ष लगाने के लिए बार–बार आग्रह किया जाता है या सरकार द्वारा निर्देश जारी किया जाता और कुछ दिनों तक इस वृक्षारोपण का शोर सुनाई देता है और वर्षा समाप्त होते ही यह शोर भी बन्द हो जाता है। अगले वर्ष पुनः यही शोर कुछ अलग–अलग नामों के साथ प्रारम्भ होता है। कोई व्यक्ति या सरकार या संगठन यह चर्चा नहीं करता है कि विगत वर्षो में कितने वृक्ष लगाये गये और कितने वृक्ष जिन्दा हैं। यदि इसकी चिन्ता नही की गयी तो चाहे जितने वृक्ष लगाये जाये केवल वृक्षारोपण नाम होगा, फल कुछ भी नहीं प्राप्त होगा। वृक्षारोपण करने का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए। यदि हम वृक्ष लगाते हैं तो यह वृक्ष बढ़ेगा और फूलेगा, फलेगा यह निश्चित होना चाहिए। यदि हम सभी जिम्मेदारी को समझे तो कोई समस्या बड़ी नही है। जिम्मेदारी केवल कागज पर पूरी नही होनी चाहिए, वह हकीकत में दिखनी चाहिए।

वृक्षारोपण से अनेक पर्यावरणीय समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। जिसमें जलवायु परिवर्तन , पानी की कमी और छठी सामूहिक विलुप्ति शामिल है। वृक्षारोपण को राजनीतिक चश्में से देखने के बजाय इसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। वृक्षारोपण से न केवल लकड़ी फाइबर, फल, मेवे और अन्य उत्पादों की आपूर्ति करके आर्थिक लाभ पाया जा सकता है। बल्कि कार्बन पृथक्करण और जैव विविधता संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण परिस्थितियों आदि सेवाओं को प्रदान कर सकता है। वृक्ष फसलों की आपूर्ति और मांग का पूर्वानुमान लगाने और लगाये गये वनों के लाभ या लागतों को मापने के लिए वृक्षारोपण रोपण वर्ष मानचित्र बनाना और साझा करना आवश्यक है। केवल मानदेय देकर पौधों को नही बचाया जा सकता है। यदि पौधों को बचाना है तो गांव–गांव में इसकी जागरूकता फैलानी पड़ेगी। गांव के प्रत्येक व्यक्ति को यह जानने का हक है कि वृक्षारोपण से हमे क्या लाभ मिलेगा। समाज को इसके प्रति शिक्षित करने की आवश्यकता है। जब पेड़ लगाने का शौक ठीक उसी प्रकार पालेगा जैसे आपने मोबाइल का शौक पाल रखा है, तो निश्चित ही क्रान्ति होगी और वृक्षारोपण सफल होगा और समस्याओं का समाधान निकलेगा।

इस धरती को हरा–भरा बनाये, आओ मिलकर पेड़ लगायें।

**डॉ० योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं० दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# उन्नाव संकुल

## क्षेत्रीय प्रश्नपत्र निर्माण कार्यशाला सम्पन्न









स0 स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में आयोजित क्षेत्रीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मा0 संगठन मंत्री हेमचन्द्र जी का सभी प्राश्निकों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । 14 जुलाई 2024 की दोपहर से शुरू कार्यशाला के उदघाटन सत्र में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मा0 संगठन मंत्री हेमचन्द्र शर्मा जी , अवध प्रान्त के मा0 प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह, कानपुर प्रान्त के मा0 प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद जी , पूर्व प्रदेश निरीक्षक श्री कमलेश जी , अवध प्रान्त के सम्भाग निरीक्षक श्री सुरेश जी , साकेत के सम्भाग निरीक्षक श्री अम्बरीष जी इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों से आये विषय प्रमुख प्रधानाचार्य व प्राश्निक उपस्थित रहे । सत्र का शुभारंभ क्षेत्रीय संघठन मंत्री मा0 हेमचन्द्र शर्मा व प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह और अयोध्या प्रसाद जी ने माँ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का परिचय विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने कराया । विद्यालय के

प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी ने मा0 संगठन मन्त्री जी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह जी ने प्रदेश निरीक्षक श्रीमान राम जी सिंह का अंगवस्त्र से स्वागत किया, विद्यालय के सम्मानित सदस्य श्री रामकृष्ण यादव जी ने कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री अयोध्या प्रसाद जी को अंगवस्त्र से स्वागत किया । गंगा नगर वि0 म0इ0का0 के प्रधानाचार्य श्री रमेश तिवारी जी ने पूर्व प्रदेश निरीक्षक श्री कमलेश कुमार जी का अंगवस्त्र से स्वागत किया । अपने उद्बोधन में मा0 संठन मन्त्री जी ने आचार्यों के कर्तव्य व उनके द्वारा बच्चों के विकास के बारे में बताया ।साथ ही प्रश्न पत्र का क्या स्वरूप होना चाहिए के बारे में बताया । श्रीमान सुरेश जी, ( सम्भाग निरीक्षक ) जी ने कार्यक्रम में आये सभी अभ्यागतों का आभार जताया । उत्तम जी ने सभी प्राश्निकों को अग्रिम सूचनाएं दीं । समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की वंदना से हुआ जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री मा0 हेमचन्द्र जी ,अवधप्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री रामजी सिंह ,कानपुर प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्री अयोध्या प्रसाद जी , भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रान्त के सह प्रशिक्षण प्रमुख श्री कमलेश कुमार सिंह जी , अवधप्रांत के प्रांतीय संयोजक श्री उत्तम कुमार मिश्र जी , अवधप्रांत के प्रांतीय परीक्षा प्रमुख श्री अवधेश सिंह जी , सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक श्री सुरेश जी व साकेत सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक श्री अवरीश जी उपस्थित रहे । संगठन मंत्री जी ने सभी प्राश्निकों को धन्यवाद देते हुए आगे भी इसी प्रकार निष्ठा के साथ कार्य करने का मंत्र दिया । कार्यक्रम में लगभग 70 प्राश्निक व 10 अधिकारियों समेत 80 लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने सभी प्राश्निकों व अधिकारियों को भेंट में वस्त्र देकर सम्मान के साथ विदाई दी । सभी आगन्तुकों का आभार श्री सुरेश जी ने ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन श्री उत्तम कुमार मिश्र जी ने किया ।










# नशामुक्त शरीर में स्वस्थ शरीर का वास होता है।



स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में आज विश्व नशामुक्ति दिवस के अवसर पर आज विद्यालय के छात्र / छात्राओं व एन0सी0सी0 के कैडेट्स ने संकल्प लिया कि वे कभी भी नशा नहीं करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। इस संकल्प को एन0सी0सी0 के ए0न0ओ0 श्री शशिकांत शर्मा जी ने छात्रों व कैडेट्स को दिलाया। कार्यक्रम को विद्यालय के वरिष्ठ आचार्यों श्री शिव सिंह , श्री रविशंकर श्रीवास्तव व श्री अवधेश कुमार तिवारी जी ने संपन्न कराने में सहयोग किया ।



# त्रिदिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न



स0 स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में विद्याभारती पूर्वी उ0प्र0 द्वारा निर्देशित कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी ने कार्यशाला का उदघाटन माँ शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया । उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि आज का युग कम्प्यूटर का युग है आज हर व्यक्ति को इसे सीखना चाहिए और इसका उपयोग करना चाहिए वरन् हम विकास की गति में काफी पीछे रह जाएंगे । कम्प्यूटर का प्रशिक्षण श्री उमाशंकर शुक्ल व श्री मनोज वर्मा ने कराया। जिसमें इसे खोलने से लेकर एक्सेल में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। आज कार्यक्रम के समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने भी कम्प्यूटर के महत्व को बताया व सभी को इसका ज्ञान हो और इस पर अपना कार्य कर सके पर जोर दिया । विद्यालय के सभी आचार्यों ने पूरे मन से इसे सीखा और धन्यवाद दिया।





# लखनऊ संकुल




## आशीर्वाद प्राप्त हुआ



लखनऊ, सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर अलीगंज लखनऊ की वंदना सभा में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र तथा नेपाल के सेवा संयोजक माननीय योगेश जी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ । मुख्य अतिथि आदरणीय योगेश जी ने स्वामी विवेकानंद जी के अमेरिका प्रवास के समय की कहानी सुनाकर सनातन धर्म की महत्ता और गीता की श्रेष्ठता को बताया । संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा विद्याभारती के पूर्व संगठन मंत्री श्रीमान योगेश जी तथा संस्कार केंद्र की संचालिका श्रीमती मीरा सिंह ,प्रतिमा पांडेय , प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना की । प्रधानाचार्य जी ने संस्कार केंद्र की संचालिकाओं को वहां के भैया – बहनों के लिए पुस्तकों की किट भेंट की । अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य श्री सुरेश मणि सिंह ने कराया तथा अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया ।



# गुरू पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज गुरु पूर्णिमा के पूर्व दिवस पर शिशु वाटिका द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती शर्मिला जी ने बताया कि नन्हे मुन्नों में संस्कारों का प्रभाव बहुत गहरा और अमिट होता है । पढ़ाई के साथ साथ संस्कार ही राष्ट्र भक्त ,नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण भावी नागरिकों का निर्माण करता है । यही विद्याभारती का लक्ष्य भी है । पीले वस्त्रों में सजे धजे बच्चे और आचार्या कार्यक्रम का केंद्र बने रहे । प्रधानाचार्य श्री संतोष सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर डॉक्टर साहब और श्री गुरुजी का पूजन किया । शिशु वाटिका के नन्हे मुन्नों ने प्रधानाचार्य सहित प्राथमिक विभाग के सभी आचार्य /आचार्या बहनों की आरती उतार कर पूजन किया । क्लास 1 की बहन सुवन्या ने छलिया माखन चोर पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया । वेदिका और काव्या ने श्लोक के द्वारा गुरु महिमा बताई । श्रीमती प्रतिष्ठा सिंह ने गुरु पूजन का महत्व बताया। श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने बड़ी दूर नगरी भजन सुना कर अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा । मंच संचालन प्रत्यंचा जी ने किया । प्रधानाचार्य जी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु गुरु का सानिध्य प्राप्त करने का मंत्र दिया ।

# अयोध्या संकुल

## शारीरिक क्षमता का मापन किया गया

अयोध्या, शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आचार्य का शारीरिक क्षमता मूल्यांकन संपन्न हुआ। शुभारम्भ प्रधानाचार्य अवनी कुमार शुक्ला ने किया उन्होंने कहा कि आचार्य के शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने पर बच्चे स्वस्थ रहेंगे विद्यालय में आयोजित शारीरिक क्षमता मूल्यांकन के बाद शारीरिक आचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख रूप से सटल रन, स्प्रिंट रन, ब्रांड जंप, वर्टिकल जंप, बाल थ्रो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सटल रन में मुकेश, स्प्रिंट रन में विभा तिवारी, ब्रांड जम्प में उत्तम कुमार वर्टिकल जम्प में उर्मिला शुक्ला तथा बाल थ्रो में कृष्णानंद प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार शुक्ला ने बताया कि शारीरिक शिक्षा एव खेल का प्रारम्भ विद्यार्थियों के परीक्षण एवं मापन से होता है क्योंकि विद्यार्थियों के स्तर को जानने के लिए उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है शारीरिक शिक्षा में प्रशिक्षण एवं मापन का महत्वपूर्ण स्थान है यह बालकों की रुचि योग्यता तथा क्षमता को समझने एव जांचने का एकमात्र माध्यम है। इसी क्रम में आज विद्यालय के आचार्यों का शारीरिक क्षमता मापन हुआ।

## अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया





अयोध्या, शिव लाल शर्मा सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर, तुलसी नगर, अयोध्या मे अखंड रामचरित मानस पाठ के शुभ आरंभ के अवसर पर श्री विकास श्रीवास्तव (समाज सेवी), श्री एन. एन.मिश्र तथा श्री राम सहाय तिवारी (पूर्व डाक सहायक अयोध्या), श्रीमान रावेंद्र सिंह ( एडवोकेट), श्रीमान द्वारिका प्रसाद पांडेय मा. सह संघ चालक जी आदि लोग उपस्थित रहे।समापन के अवसर पर श्री अवनि कुमार शुक्ल (संकुल प्रमुख), अयोध्या जी, डॉ जनार्दन उपाध्याय (प्रोफेसर), साकेत महाविद्यालय, अयोध्या, श्रीमती कंचन जी (प्रधानाचार्य तुलसी राजकीय महिला इंटर कॉलेज अयोध्या), डॉ मांडवी दूबे (तुलसी महिला राजकीय चिकित्सालय), आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ऋषभ नारायण बाजपेयी एवं उनके समस्त आचार्य परिवार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# भैया–बहिनों का किया गया स्वागत








अखिल भारतीय विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामनगर में ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पहुंचने पर बच्चों का स्वागत टीका लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर किया गया। प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी जी ने स्वयं द्वार पर बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय में सुंदरकांड पाठ का शुभ आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध समिति से माननीय कोषाध्यक्ष डॉ सुधीर जी ने भैया बहनों को आशीर्वचन तथा शुभकामनाएं दी।

# सीतापुर संकुल

## बस्ताविहीन शिक्षण कार्य कराया गया






सरस्वती शिशु वाटिका पुरवारीटोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में शिशु वाटिका के भैया बहनों को बस्ताविहीन शिक्षण कराया गया। जिसमें नर्सरी ,अरुण, उदय, केजी व प्रभात के भैया बहनों को चित्रों के माध्यम से अक्षरों का ज्ञान कराया गया। केजी और उदय के भैया बहनों ने पेपर कटिंग करते हुए विभिन्न प्रकार के फूल गुलदस्ते तैयार किये। प्रोजेक्ट कार्य के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां कराई गई। सभी भैया/ बहन बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्न मुद्रा में रहे। आचार्या बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल एवं अंको का ज्ञान भली भांति बात कराया गया।



# लखीमपुर संकुल




## मिशन शक्ति कार्यक्रम मनाया गया

विद्यालय में ''मिशन शक्ति'' के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा कानूनों एवं उनके लाभ प्राप्त करने के उपायों से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं को महिला कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना (PMMVY), मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्कालरशिप योजना, सखी–वन स्टाप सेन्टर, निराश्रित महिला पेंशन एवं मिशन वात्सल्य योजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज प्रताड़ना, बाल उत्पीड़न शारीरिक एवं मानसिक आदि समस्याओं पर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1098, 181, 112, 1930 आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी– सेन्टर मैनेजर, वन स्टॉप सेन्टर, सुश्री विजेता गुप्ता– काउन्सल, वन स्टॉप सेन्टर, श्रीमती अन्जुम परवीन– परियोजना समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रीमती निशा मिश्रा, श्रीमती सुमन मौर्या–काउन्सलर, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रीमती विभा सक्सेना– सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्री कय्यूम जरवानी– काउन्सलर, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्री अखिल दीक्षित–सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# कार्यशाला का आयोजन किया गया



विद्या भारती विद्यालय डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पधारे प्रांतीय अंकेक्षक श्री विशाल सिंह चौहान एवं स्थानीय विद्यालय सनातन धर्म सभा विद्या मंदिर बालिका इन्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम मणि मिश्र जी ने कराया। अतिथियों का स्वागत रोली अक्षत एवं बैच लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शिप्रा वाजपेई जी ने विद्यालय के समस्त आचार्य बन्धुओं एवं आचार्या बहनों को कार्य योजना पुस्तिका (प्लान बुक) की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्लान बुक भरने का प्रशिक्षण दिया। प्रांतीय अंकेक्षक श्री विशाल सिंह चौहान ने विद्यालय के कार्यालय का गहन निरीक्षण किया एवं सभी आचार्य बन्धु एवं आचार्या बहनों को अपना अमूल्य मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। कार्यशाला में पधारे अतिथि महानुभावों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम मणि मिश्र जी ने किया। कार्यशाला का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

# स्वागत किया गया







श्री तेज महेंद्रा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी में प्रबंध समिति /आचार्य परिवार सभी भैया/ बहिनों का तिलक एवं अक्षत लगाकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री चांद कुमार जैन जी, सहप्रबंधक श्री शिवपाल जी, गायत्री परिवार से जुड़े समाज सेवी और योगाचार्य श्री सुभाष जी उपस्थित रहे। प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य जी ने बच्चो को पढ़ाई के प्रति उत्साहित किया और माता रानी से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एक वृक्ष मां के नाम








सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी में ( एक वृक्ष मां के नाम) का एक विशाल एवं अद्‌भुत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि महानुभावों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा भैया/बहिनों को वृक्ष दिये गये। इस कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी विनय कुमार जी,अपनी पूरी टीम के साथ, पलिया नगर के अध्यक्ष के०वी०गुप्ता जी, समाजसेवी रवि गुप्ता जी, विशिष्ट व्यवसायी विजय महेंद्रा जी, समाजसेवी सुभाषदास जी, गोपाल गोयल जी ,गिरीश चन्द्र वर्मा जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोला के सहजिला कार्यवाह बलजीत जी, जिला प्रचारक शिवप्रकाश जी, नगर प्रचारक योगेंद्र जी, विद्यालय प्रबंधक रामबचन तिवारी जी, सहप्रबंधक शिवपाल , कोषाध्यक्ष हरीश आनंद जी , प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह जी, समस्त आचार्य व आचार्या उपस्थित रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस –पास के वातावरण को स्वस्थ रखने एवं ऑक्सीजन प्राप्त के लिए पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है और हम सबको उनकी देखभाल करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़–पौधे हम सबके लिए देव तुल्य हैं हम सबको अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ – पौधे अपने घरों के आसपास लगाने चाहिए जिससे हमारे आसपास का वातावरण स्वस्थ हो सके। शास्त्रों में एक वृक्ष को 10 पुत्रों के समान बताया गया है अतः हम सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाकर धरती माता का श्रंगार करना चाहिए। प्रबंधक जी ने आये हुए सभी अतिथियों आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न






विद्या भारती विद्यालय डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में सत्र 2024– 25 के शिशु भारती/छात्र संसद /कन्या भारती के नव चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्पार्चन, वाणी वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत एवं परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राममणि मिश्र जी ने कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल सी. पी. मिश्रा रिटायर्ड कर्नल भारतीय सेवा एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री ज्ञान स्वरूप शुक्ल जी संरक्षक डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर एवं लखीमपुर संकुल के संकुल प्रमुख श्री योगेंद्र प्रताप सिंह जी प्रधानाचार्य पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर उपस्थित रहे। विद्या भारती विद्यालयों में शिशु भारती छात्र सांसद व कन्या भारती के गठन की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए संकुल प्रमुख श्री योगेंद्र प्रताप सिंह जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी।इस अवसर पर शिशु भारती, छात्र संसद / कन्या भारती के नव चयनित पदाधिकारी व विभाग प्रमुखों को उनके पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अध्यक्ष जी ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व आशीर्वचन प्रदान किया ।कार्यक्रम में शिशु भारती छात्र संसद प्रमुख श्री अभिषेक पांडेय जी, कन्या भारती प्रमुख श्रीमती गरिमा मिश्रा एवं समस्त पदाधिकारी भैया बहिन व आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राममणि मिश्र जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम वल्लभ शुक्ल जी ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# स्वामी विवेकानन्द जी का निर्वाण दिवस मनाया गया







विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू0पी0 बोर्ड), लखीमपुर खीरी में आज विवेकानंद जी का निर्वाण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसका शुभारम्भ समाज सेवी श्री राजेश दीक्षित एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें माँ सरस्वती जी और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर श्री राजेश दीक्षित जी ने बताया आज 4 जुलाई को हमारे युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी ने 39 वर्ष 5 माह 22 दिन की अवस्था में 122 वर्ष पूर्व अपनी देह का त्याग किया था। स्वामी जी प्रतिदिन हमारे जीवन में अपना और गहरा स्थान बनाते जा रहे हैं अपने विचारों से लोगों की जिंदगी को रोशन करने वाले स्वामी विवेकानंद की आज पुण्यतिथि है। भारत के महान पुरुषों में से एक और महान विचारक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था। उनकी मृत्यु 4 जुलाई 1902 में हुई थी। वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद बेहद साधारण जीवन जीते थे। उनके महान विचार सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विवेकानंद ने 25 साल की उम्र में सांसारिक मोह माया छोड़ दिया था और अध्यात्म और हिंदुत्व के प्रचार प्रसार में जुट गए थे। संन्यासी बनकर ईश्वर की खोज में निकले विवेकानंद ने पूरे विश्व को हिंदुत्व और आध्यात्म का ज्ञान दिया। हिंदुत्व को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी, उसकी वजह से हिन्दू धर्म को लेकर लोगों का काफी आकर्षण बढ़ा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह जी ने बताया उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत का नारा देने वाले महान व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानंद जी आजकल के युवाओं के सबसे प्रिय आदर्श हैं स्वामी जी ने कहा था जब तक किसी व्यक्ति में दूसरे व्यक्ति के दुख दर्द और कष्ट समझने की आदत नहीं है उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं है, तब तक वह व्यक्ति समाज में सफलता नहीं हासिल कर सकता आज के दिन हमें उनके आदर्श और बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना व समीक्षा बैठक सम्पन्न







विद्या भारती विद्यालय माधव चिल्ड्रन्स एकेडमी एवं माधव गुरुकुलम छात्रावास में संकुल लखीमपुर के सभी विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य की वार्षिक कार्य योजना बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सम्मेलन एवं वार्षिक कार्य योजना समीक्षा बैठक का शुभारंभ प्रांतीय संस्कृति बोध परियोजना के अवध प्रांत के प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा, संभाग निरीक्षक सुरेश जी, संकुल प्रमुख डॉक्टर योगेंद्र सिंह जी, विद्यालय की सह प्रबंधक रूचि ऋतुराज एवं प्राचार्य साधना अवस्थी के द्वारा मां सरस्वती मां भारती एवं पूज्य माधव जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर संभाग निरीक्षक सुरेश जी ने कहा कि भारतीय आचार विचार एवं संस्कारों को एवं भारतीय ऋषि मुनियों की शिक्षण व्यवस्था को संरक्षित करने वाली देश की स्व वित्त पोषित बड़ी संस्था विद्या भारती आज देश के अंदर हजारों विद्यालयों का संचालन कर लाखों विद्यार्थियों को उच्च मानवीय मानदंडों के साथ योग्य सुयोग्य अपने विषय में पारंगत राष्ट्रवादी विद्यार्थियों के सृजन का कार्य कर रही है विद्या भारती






विद्यालयों से पढ़े हुए छात्र–छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता से भारत मां का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं इस अवसर पर संकुल प्रमुख डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने सभी प्राचार्य को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्या भारती की शैक्षणिक व्यवस्था बहुत ही विशिष्ट है हमारी शैक्षिक व्यवस्था में भारतीय मानदंडों का विशेष ध्यान रखा गया है हमारी विशिष्ट शिक्षा व्यवस्था से हमारे बच्चे देश दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं और देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं उनके द्वारा प्रधानाचार्य को कहा गया कि अपनी वार्षिक कार्य योजना जरूर बनाएं और उसी के अनुसार सभी शैक्षणिक कार्य संस्कृतिक कार्य एवं वार्षिक खेलकूद का आयोजन समय–समय पर अवश्य करें तथा उन्हें प्रयोगात्मक शिक्षा के द्वारा विषयों की जानकारी दें प्रांतीय संस्कृति बोध परियोजना के प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर की संस्कृत बोध परीक्षा की जानकारी सभी प्राचार्य को दी तथा उन्होंने कहा कि अपने विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ–साथ अन्य विद्यालयों में भी यह प्रतियोगिता कराई जा सकती है लखीमपुर के सभी विद्या भारती विद्यालयों के प्राचार्य ने अपनी अपनी कार्य योजना एवं वार्षिक कार्यक्रमों के बारे मे बताया उपस्थित सभी प्राचार्य ने अपना वृत भी प्रस्तुत किया जिसके अंतर्गत उन्होंने अपने विद्यालय में किये जा रहे विशिष्ट कार्य विद्यालय की संख्या विद्यालय के सेवा कार्य विद्यालय की संस्कारशाला एवं विद्यालय में आचार्य की संख्या प्रबंध समिति की संख्या एवं विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर से आए हुए कार्यक्रमों के क्रियान्वयन कुटुंब प्रबोध, सद्भावना समरसता,नागरिक अधिकार पर्यावरण, के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी, इस अवसर पर माधव चिल्ड्रन्स एकेडमी की सह प्रबंधक रुचि ऋतुराज ने सभी का अभिनंदन एवं स्वागत किया तथा प्राचार्य साधना अवस्थी के द्वारा सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। माधव परिवार की ओर से सभी सम्मानित प्राचार्य गणों को उपहार भेट किए गए इस अवसर पर प्रबंध समिति से रामशरण बाजपेई शिवाकांत मिश्रा रचना मिश्रा दिव्येश जी उपस्थित रहे तथा विद्या भारती संकुल लखीमपुर के प्राचार्य अरविंद सिंह जी, डॉ सीमा मिश्रा, मुनेंद्र त्रिपाठी, हीरा सिंह, राजकुमार कनौजिया, नीरज मिश्रा, विजय मिश्रा, वार्षिका पाराशर, विकास बाजपेई आदि सम्मानित प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

# रायबरेली संकुल

## मांसान्त पर कार्यक्रम हुए





गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में मासांत के अवसर पर अनेक प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रथम सत्र के दौरान शारीरिक प्रशिक्षण का कार्य श्रीमान विवेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया इस प्रशिक्षण में अनेक प्रकार की योग आसन एवं उसके लाभ को बताया गया । दूसरे सत्र के दौरान कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्य संपन्न हुआ इस कार्य को कंप्यूटर के आचार्य श्रीमान बागीश पोरवाल एवं लाल कृष्ण जी ने सभी आचार्य एवं आचार्या बहनों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया। तृतीय सत्र के दौरान विभिन्न विषयों का TLM निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत हिंदी, विज्ञान, , अंग्रेजी, गणित सामाजिक विषय, संस्कृत वाणिज्य, संगीत, कला के आचार्य एवं आचार्य बहनों ने निर्माण किया। चतुर्थ सत्र का प्रशिक्षण इन विषयों का पंचपदी प्रणाली के आधार पर TLM के साथ शिक्षण का कार्य किया गया । विज्ञान के आचार्य प्रशांत सिंह सुनील जी, संतोष जी सत्यप्रकाशजी , राजेश वर्मा जी, विवेकजी,अंग्रेजी के आचार्य राम सिंह, सुरेश कुमार सिंह, राजेश जी, गणित के आचार्य सियाराम, अशोक जी शिवानी जी सामाजिक विज्ञान के आचार्य जुगल जी महेंद्र जी वीरेंद्र जी, वाणिज्य के आचार्य सोनू जी, प्रवीण जी संस्कृत के आचार्य महेश जी, उमेश जी, हिंदी के आचार्य शिवपूजन जी बाबुल नाथ दुबे सर्वेश जी मनमोहन जी आदि एवम प्राथमिक के आचार्य सौरभ जी एवं बहन ममता जी आदि आचार्य एवं आचार्या बहनों के द्वारा TLM के साथ प्रशिक्षण कार्य संपादित किया गया इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान विमल तलरेजा एवं सदस्य के. यस.द्विवेदी जी उपस्थित रहे और उनका आशीर्वचन भी इस अवसर पर प्राप्त हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजनी बाजपेई जी ने आए हुए महानुभावों का आभार ज्ञापित किया।

# मेधावियों को सम्मानित किया गया










विकास भवन रायबरेली के महात्मा गाँधी सभागार मे प्रदेश की हाईस्कूल मेरिट मे सातवां तथा जिले की मेरिट मे प्रथम स्थान प्राप्त बहन जया शुक्ला को एक लाख रूपये का चेक और टेबलेट, तथा जनपद की मेरिट मे आठवां स्थान प्राप्त भैया मयंक तिवारी (कक्षा 10)और इंटरमीडिएट की मेरिट मे छठा स्थान प्राप्त भैया इशांत को एक्कीस –इक्कीस हजार रूपये और टेबलेट देकर मायनीय शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी और जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा जी ने सम्मानित किया। अपने उदबोधन मे द्विवेदी जी ने विद्यालय के प्रबंधक, अध्यक्ष, समिति के सभी सदस्य, प्रधानाचार्य सहित सभी आचार्यों की ब्यक्तिगत रूप से प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी।

# बाराबंकी संकुल

## भैया–बहिनों का अभिनन्दन किया गया



सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर, बाराबंकी में ग्रीष्मावकाश के बाद





विद्यालय आगमन के प्रथम दिन भैया/ बहनों का विद्यालय के मुख्य द्वार पर आचार्यों ने रोली अक्षत, पुष्प वर्षा के साथ मिष्ठान वितरित कर दिव्य और भव्य स्वागत गया । ग्रीष्मावकाश बाद खुले विद्यालय में द्वार से प्रवेश करते भैया / बहन उत्साहित दिखे। भैया/ बहन परस्पर एक दूसरे का अभिवादन कर आचार्य बंधु/ आचार्या बहनों का भी अभिवादन किया। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान सुनील सिंह श्रेयांश जी द्वारा मां शारदे के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया । वंदना के उपरांत आदरणीय प्रधानाचार्य जी ने भैया / बहनों को विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, शिष्टाचार नैतिकता के महत्व के संबंध में विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात शिक्षण कार्य का श्री गणेश हुआ। वंदना सभा में समस्त आचार्य और आचार्या बहनों सहित भैया / बहन उपस्थित रहे।




# स्वामी विवेकानन्द विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया





सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेडाबाग बाराबंकी में स्वामी विवेकानंद विचार गोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बाराबंकी के माननीय मनोज श्रीवास्तव द्वारा किया गया ,इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. अरुण कुमार सक्सेना (मंत्री वन एवं पर्यावरण ) उत्तर प्रदेश सरकार रहे। इस अवसर पर विद्यालय में मंत्री जी ने वृक्षारोपण किया और अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री संतोष सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये, इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति ,आचार्य बंधु एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे ।








# हरदोई संकुल



## स्वागत वन्दन, अभिनन्दन किया गया

विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में ग्रीष्मावकाश के बाद प्रथम दिन विद्यालय आगमन पर भैया/बहनों का रोली तिलक के साथ पुष्पार्चन कर स्वागत किया गया। जिसमें विद्यालय की आचार्या बहने व आचार्य बन्धुओ ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। प्रधानाचार्य श्री मान विनोद कुमार सिंह जी ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए पुनः एक बार शिक्षण प्रारम्भ करने का आग्रह किया।





# अम्बेडकर नगर संकुल

## आचार्य विकास वर्ग आयोजित किया गया







विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में पांच दिवसीय आचार्य विकास वर्ग का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय इस विकास वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक  कृष्ण चंद्र जी, जिला प्रचारक  शैलेंद्र जी व जय बजरंग ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्यो व आचार्या बहनों को संबोधित करते हुए आदरणीय विभाग प्रचारक जी ने संघ एवं समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि हम सभी एक उद्देश्य के साथ अपने–अपने कार्य में लगे हुए है।हमारा काम है समाज को जोड़ना, अतः समाज के विभिन्न समूहों के साथ हमारे अच्छे संपर्क होने चाहिए। इससे हमारे विद्यालयों का विकास होगा और हम अपने विचारों को समाज में पहुंचाने में भी सफल होंगे। माननीय जिला प्रचारक जी ने भी अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया और अपने विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र सिंह जी ने प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय–समय पर इस तरह के वर्गों से हमें अपने कार्य में दक्षता प्राप्त होती है, जो भैया बहनों के सर्वांगीण विकास में सहयोग प्रदान करती है। विकास वर्ग के इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे पंचपदी शिक्षण पद्धति, आदर्श पाठ योजना निर्माण, आदर्श विषय शिक्षण, आदर्श प्रश्न पत्र निर्माण, छात्र संसद, कन्या भारती ,प्रभावी संपर्क,चार आयाम,पांच मूलभूत विषय वअन्य कई विधाओं पर आचार्यो को प्रशिक्षित किया गया ।समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गायत्री परिवार के वरिष्ठ आचार्य श्री वीरेंद्र जी का सारगर्भित उद्बोधन प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक चंदेल जी का पूर्ण समय के साथ सानिध्य व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक जी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया और कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में सीखे गए कार्यों को हम अपनी कक्षा में लागू करेंगे तभी इसकी उपयोगिता रहेगी।

# स्काउट–गाइड शिविर का आयोजन किया गया







विवेकानंद शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकर नगर में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि के रुप में आये एनसीपी टाण्डा के मानव संसाधन उप महाप्रबंधक माननीय श्री अनुराग सिन्हा जी , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे , विद्यालय के प्रबंधक आदरणीय श्री अखण्ड प्रताप सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री आर टी विश्वकर्मा जी , श्री राजपति कन्नौजिया जी मौजूद रहें। स्काउट प्रशिक्षक के रुप में श्री बादल विश्वकर्मा जी , श्री अब्दुल क्यूम जी , सुश्री कोनल गुप्ता जी , और सुश्री सृष्टि साहू जी के नेतृत्व में सभी भैया–बहनों ने प्रशिक्षण प्राप्त किए । कार्यक्रम में भैया–बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा स्काउट सम्बन्धित नियमों एवं जीवन की विषम परिस्थितियों में अपने विवेक एवं अनुभवों का प्रयोग करना सीखें । विद्यालय के ओजस्वी प्रधानाचार्य आदरणीय श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा जी ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किये । कार्यक्रम में सभी आचार्य बन्धु–भगिनी भैया–बहनों के उत्साहवर्धन में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भैया–बहनों के द्वारा बनें अलग–अलग टोलियों से परिचय प्राप्त किए तथा उनके द्वारा सीखें गये कौशलों की जानकारी से अवगत हुए। इस दौरान सभी में अपार उत्साह देखा गया ।

# गोण्डा संकुल



## आचार्य जी का माला पहनाकर किया गया स्वागत

सरस्वती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरम बड़गांव गोंडा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वंदना सभा में विद्यालय के भैया बहनों ने सभी आचार्य बंधुओं एवं आचार्या बहनों को माला पहनकर स्वागत एवं सम्मान किया ।



# अति महत्वपूर्ण तिथियां

**माह अगस्त–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्रावण अमावस्या | रविवार | वृक्षारोपण दिवस (हरियाली अमावस्या) |
| 4–11 | श्रावण अमावस्या से श्रावण शुक्ल सप्तमी | रवि से रवि | पर्यावरण संरक्षण सप्ताह–वृक्षारोपण, प्लास्टिक उन्मूलन, ईको ब्रिक्स निर्माण प्रतियोगिता |
| 9 | श्रावण शुक्ल पंचमी | शुक्रवार | विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस (दादा–दादी सम्मेलन) |
| 14 | श्रावण शुक्ल नवमी | बुधवार | भारत विभाजन विभीषिका दिवस |
| 15 | श्रावण शुक्ल दशमी | गुरूवार | स्वतन्त्रता दिवस, भारत माता पूजन, महर्षि अरविन्द जयन्ती कार्यक्रम |
| 16–30 | श्रावण शुक्ल एकादशी से श्रावण कृष्ण द्वादशी | शुक्रवार से शुक्रवार | संस्कृति बोध परियोजना महाअभियान पखवार |
| 17 | श्रावण शुक्ल त्रयोदशी | शनिवार | रक्षाबन्धन कार्यक्रम |
| 19 | श्रावण पूर्णिमा | सोमवार | रक्षाबन्धन अवकाश |
| 24 | भाद्रपद कृष्ण पंचमी | शनिवार | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम |
| 26 | भाद्रपद कृष्ण अष्टमी | सोमवार | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अवकाश |
| | चतुर्थ सप्ताह | | द्वितीय मासिक परीक्षा |
| 29 | भाद्रपद कृष्ण एकादशी | गुरूवार | खेल दिवस–मेजर ध्यानचन्द जयन्ती कार्यक्रम |
| 31 | भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी | शनिवार | विद्यालय स्तरीय दक्षता वर्ग |




# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.
## अवध प्रान्त
### सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ